MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, GWALIOR
(Govt. Aided UGC Autonomous Institute, Affiliated to RGPV, Bhopal)
**NAAC Accredited with A++ Grade**

Ref. No. AUT/23/3554 Dated: 15/12/2023

# सूचना

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पत्र कमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3154,भोपाल,दिनांक 30/11/2023 (प्रति संलग्न) के अनुसार समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों को जिन्होने निम्नोक्त तालिका के अनुसार पाठ्यक्रम वर्ष में प्रवेश लिया हो तथा उपाधि पूर्ण करने में अधिकतम 05 थ्योरी/सैद्धांतिक तथा 05 प्रेक्टिकल/प्रायोगिक विषयों में अनुत्तीर्ण हो को **एक** अंतिम अनुकंपा अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। ऐसे छात्र/छात्राऐं जो इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ लेना चाहते हो संलग्न शपथ पत्र 100/– के नॉन ज्यूडिशियल पेपर तथा परीक्षा फार्म के साथ दिनांक 30 दिसम्बर 2023 तक परीक्षा शाखा में प्रस्तुत करें। इसके बाद प्रस्तुत किये गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

संलग्न तालिका

| स.क. | पाठ्यकम का नाम | पाठयकम में प्रवेश का वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | बी.आर्क | वर्ष 2014 |
| 02 | बी.ई/बी.ई (पार्टटाइम) | वर्ष 2015 |
| 03 | एम.ई/एम.टेक (पार्टटाइम) | वर्ष 2017 |
| 04 | एम.ई/एम.टेक | वर्ष 2018 |
| 05 | एम.सी.ए. | वर्ष 2018 |

(डॉ. पी. के. सिंघल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–
1. निदेशक कार्यालय
2. डीन एकेडेमिक
3. समस्त विभागाध्यक्ष
4. रजिस्ट्रार
5. डीन छात्र कल्याण
6. बेव मैनेजर
7. समस्त सूचना पटल

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855


क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / 3154 भोपाल, दिनांक : 30/11/2023

**कंडिका क्रमांक 24.1.4 के अंतर्गत**

प्रति,

प्राचार्य / संचालक / परीक्षा अधीक्षक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय : अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधानांर्तगत अंतिम अनुकम्पा अवसर के संबंध में अनुदेश।

उपरोक्त विषयांर्तगत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विभिन्न अध्यादेशों में पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि का उल्लेख किया गया है। इस अवधि के उपरांत अध्यादेश क्रमांक 12 की कंडिका कमांक 24.1.4 (वेवसाइट www.rgpv.ac.in पर उपलब्ध है) के अंतर्गत 01 अंतिम अनुकंपा अवसर का प्रावधान है जिसका पूर्णरूपेण अवलोकन करना आवश्यक है। प्रावधानुसार केवल ऐसे छात्रों को यह अंतिम अवसर प्रदान किया जावेगा जिनकों डिग्री / उपाधि पूर्ण करने में अधिकतम 05 थ्योरी / सैद्धांतिक तथा 05 प्रेक्टिकल / प्रायोगिक विषयों में अनुर्तीण है। स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित बैठने वाले छात्रों का इस अंतिम अनुकम्पा अवसर में पात्रता निर्धारित नही की जावेगी। नियमानुसार पात्रता होने पर छात्र इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ आगामी परीक्षा दिसम्बर–2023 में प्राप्त कर सकते है। इस अंतिम अनुकंपा अवसर **दिसम्बर–2023** की परीक्षा के पश्चात् किसी भी छात्र को आगामी परीक्षा में इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ नही दिया जा सकेगा अथवा परीक्षा में सम्मिलित नही किया जा सकेगा। निम्न तालिका के कॉलम क्रमांक 3 में उल्लेखित प्रवेश वर्ष में प्रवेशित छात्रों को ही इस अंतिम अनुकंपा अवसर प्राप्त करने की पात्रता होगी। इसके पूर्व प्रवेशित छात्रों को पात्रता नही होने कारण इस अवसर का लाभ नही दिया जावेगा।

**तालिका क्रमांक–01**

| स.क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम में प्रवेश का वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | बी.आर्क | वर्ष 2014 |
| 02 | बी.ई. / बी.फार्मेसी. / बी.ई. (पार्ट–टाइम) | वर्ष 2015 |
| 03 | एम.ई. / एम.टेक. (पार्ट–टाइम) | वर्ष 2017 |
| 04 | एम.ई. / एम.टेक. / एम.फार्मेसी | वर्ष 2018 |
| 05 | एम.सी.ए. | वर्ष 2018 |

इस अवसर का लाभ वर्तमान में संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं को बिंदुवार प्रक्रिया अनुसार दिया जाना है।

1. इस अंतिम अनुकंपा अवसर को प्राप्त करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में (संलग्न) नॉन–ज्युडिशियल रू.100 / – के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित होने पर ही स्वाकार्य किया जावेगा।
2. शैक्षणिक अंतराल (GAP) 2 वर्ष या उससे अधिक होने की स्थिति में नॉन–ज्युडिशियल रू.100 / – के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र गेप–सर्टिफिकेट (GAP Certificate) भी पृथक से प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित होने की स्थिति में ही स्वाकार्य किया जावेगा।

उपरोक्त तालिका के स.क्र.–03 एवं 04 के **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छठवें / चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों हेतु** उपरोक्तानुसार शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत आगामी कार्यवाही निम्न समय–सीमा के अनुसार संस्था पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

**तालिका क्रमांक–02 : तालिका क्र.–01 के स.क्र.–03 एवं 04 के संबंध में ।**

| स.क्र. | विवरण | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | छात्रों द्वारा फॉर्म भरने की तिथि | 30 / 12 / 2023 |
| 2. | संस्था द्वारा थीसिस अपलोड एवं पैनल जनरेट करने की तिथि | 31 / 01 / 2024 |
| 3. | Viva-Voce पूर्ण कराये जाने की तिथि | 27 / 02 / 2024 |
| 4. | विश्वविद्यालय में प्राप्तांक / थीसिस जमा करने की तिथि * | 27 / 02 / 2024 से 08 / 03 / 2024 तक |

***दिनांक 08 / 03 / 2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले प्राप्तांकों पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः समस्त महाविद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि प्राप्तांक निर्धारित तिथि तक निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को प्राप्त हो जावें।**

क्रमशः /2/

उक्त वांछित शपथ–पत्र एवं अंकसूचियों की छाया प्रति प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य/संचालक द्वारा सत्यापित कराकर विश्वविद्यालय में **दिनांक 22/12/2023** या उसके पूर्व प्रस्तुत करने पर समिति द्वारा आपके आवेदन का परीक्षण किया जावेगा उसके उपरांत अंतिम अनुकम्पा अवसर का लाभ उपरोक्तानुसार प्राप्त कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले शपथ–पत्रों पर विचार नही किया जावेगा। तालिका क्र.–01 के अन्य सभी पाठ्यक्रमों के अन्य सेमेस्टर्स के पात्र अभ्यार्थियों हेतु ऑफलाइन **परीक्षा फॉर्म** जमा करने की तिथि तथा समय–सारिणी पृथक से जारी की जावेगी। ऐसे सभी अभ्यार्थियों के परीक्षा केन्द्र भोपाल में ही बनाये जायेंगे।

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।**
संलग्न : शपथ–पत्र का प्रारूप

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

पृ.क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3155 भोपाल, दिनांक : 30/11/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव/माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव, रा.गां.प्रौ.वि., भोपाल।
03. संचालक/प्राचार्य, समस्त संबद्ध तकनीकी स्वशासी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश (भोपाल, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
04. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त नोडल प्रभारी/ आंचलिक केन्द्र प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
05. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त यू.टी.डी. महाविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल